आजादी की गर्मी

आजादी की गर्मी

जॉन हेनरी किसी भी अन्य लड़के की तुलना में बेहतर तैरता है.
वो एक मछली की तरह रेंगता है, वो राक्षस की तरह हवा के बुलबुले उड़ाता है, लेकिन वह मेरे साथ शहर के स्विमिंग पूल में नहीं तैरता है. उसे वहां तैरने की अनुमति नहीं है.
जो और जॉन हेनरी कई मामलों में एक-जैसे हैं. दोनों को निशानेबाजी पसंद है, और दोनों बड़े होकर फायरमैन बनना चाहते हैं. दोनों को साथ-साथ तैरना पसंद है. लेकिन एक रूप में वे अलग भी हैं : जो गोरा है, और जॉन हेनरी अश्वेत है. 1964 में दक्षिण में, इसका मतलब है कि जॉन हेनरी को अपने सबसे अच्छा दोस्त के साथ सब कुछ एक-साथ करने की अनुमति नहीं है.
फिर एक कानून पारित होता है जो नस्ल के आधार के भेदभाव पर रोक लगाता है. फिर सभी के लिए शहर का स्विमिंग पूल खुल जाता है. उससे जो और जॉन हेनरी इतने उत्साहित हैं कि वे वहां स्विमिंग पूल जाने के लिए रेस लगाते हैं. लेकिन कानून बदलना आसान होता है पर लोगों के दिलों को बदलने में ज्यादा समय लगता है.
"फ्रीडम समर" पुस्तक में 1964 के नागरिक सामान अधिकारों के पारित होने के बाद शक्तिशाली और मार्मिक रूप से दो लड़कों के नस्लवाद के अनुभव और उनकी दोस्ती का सुन्दर वर्णन है.

पाठ के बारे में एक नोट

1960 के दशक की शुरुआत में अमेरिकी का दक्षिण भाग लंबे समय से एक ऐसा स्थान रहा जहां काले अमेरिकी, गोरों के पानी के नलों से पानी नहीं पी सकते थे. गोरे और काले बच्चों के लिए अलग-अलग स्कूल थे और अश्वेत लोग समान सार्वजनिक क्षेत्रों का आनंद नहीं उठा सकते थे. फिर 1964 का नागरिक अधिकार कानून बना जिसके तहत "सभी व्यक्ति, सभी सार्वजनिक स्थानों के समान हकदार बने, चाहे वे किसी भी जाति, नस्ल, रंग, धर्म या राष्ट्रीय मूल के हों."

मैं मोबाइल, अलबामा में एक श्वेत बच्चा पैदा हुआ. मैं गर्मियों में मिसिसिपी में अपने प्रिय रिश्तेदारों के घर जाकर ग्रीष्मकाल बिताता था. जब नागरिक अधिकार अधिनियम पारित हुआ तो शहर का स्विमिंग पूल को बंद कर दिया गया और रोलर-रिंक और आइसक्रीम पार्लर को भी. अश्वेतों को वैध रूप से समान अधिकार और स्वतंत्रता देने के बजाए, कई दक्षिणी व्यवसायों ने विरोध में अपने दरवाजे बंद करने का विकल्प चुना. उनमें से कुछ हमेशा के लिए बंद हो गए.

इसके अलावा 1964 की गर्मियों में, मिसिसिपी में नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं ने "फ्रीडम समर" को काले अमेरिकियों को वोट देने के लिए पंजीकृत करने के लिए एक आंदोलन का आयोजन किया. यह महान नस्लीय हिंसा और परिवर्तन का समय था. यही वह उथल-पुथल थी जिस पर मैंने ध्यान देना शुरू किया: मैंने देखा कि काले लोग हमेशा पीछे के दरवाजों का इस्तेमाल करते थे. हर गोरे इंसान की मदद के बाद ही काले लोगों का नंबर आता था. उनकी चमड़ी के रंग के कारण ही उनके साथ यह खराब व्यवहार किया जाता था. मुझे लगा कि इसका कानून से कुछ लेना-देना नहीं था. तब मुझे यह एहसास भी हुआ कि एक गोरे इंसान का एक काला दोस्त होना एक खतरनाक बात हो सकती थी. मैं इन विचारों और छवियों को अपने दिमाग से बाहर नहीं निकाल पाया. मैंने सोचा कि मेरी उम्र के किसी अश्वेत बच्चे पर उस समय क्या बीत रही होगी. मैंने चीजों को बदलने के बारे में भी सपना देखा. फिर मैंने सोचा कि कोई भी बच्चा - वो काला हो या सफेद - उसके बारे में भला क्या कर सकता था?

यह कहानी उस समय की मेरी भावनाओं से उपजी है. यह काल्पनिक ज़रूर है, पर वास्तविक घटनाओं पर आधारित है.

जॉन हेनरी वडेल मेरा सबसे अच्छे दोस्त था.

उसकी माँ मेरी माँ के लिए काम करती थी.

हेनरी की माँ का नाम एनी मॅई था.

हर सुबह एनी मॅई आठ बजे की काउंटी बस से उतरती थी

और मेरे घर तक एक लंबी पहाड़ी चढ़ कर आती थी.

गर्मियों के दिनों में,

जॉन हेनरी भी अपनी माँ के ठीक एक कदम पीछे होता था.

हम एनी मॅई की मदद करते थे. हम सेम की फलियों पर मक्खन लगाते थे. हम सामने के गलियारे की सफाई करते थे. हम बिल्लियों को घर के अंदर जाने देते थे और फिर उन्हें बाहर भगाते थे. अंत में एनी मॅई कहती थीं, "शू! तुम दोनों ने बहुत ऊधम मचाया है, अब बाहर जाओ और खेलो!" तब हम बाहर मिट्टी में कंचों से खेलते थे. फिर जब धूप बहुत तेज़ और बिलकुल असहनीय हो जाती थी तब हम चिल्लाते थे, "जो अंत में पहुंचेगा वो एक सड़ा हुआ अंडा होगा!" और फिर चिल्लाते हुए हम दोनों सीधे फिडलर्स क्रीक (नदी) की ओर दौड़ते थे.

जॉन हेनरी किसी भी अन्य बच्चे की तुलना में बेहतर तैरता था.
वह एक मछली की तरह रेंगता था, एक दलदली राक्षस की तरह
हवा के बुलबुले उड़ाता था, लेकिन वह मेरे साथ टाउन पूल में नहीं
तैरता था.
उसे वहां तैरने की अनुमति नहीं थी.
तो हम क्रीक पर चट्टानों और टहनियों का एक बाँध बनाते थे.
और तैरने का स्थान बनाने के बाद कपड़े उतारकर बिलकुल
नंगे होकर पानी में कूद जाते थे.

जॉन हेनरी की त्वचा एकदम भूरे मक्खन के रंग की थी.
जैसे अच्छी बारिश के बाद चीड़ की सुइयों से खुशबू आती है वैसी ही खुशबू उसके शरीर से आती थी.
मेरी त्वचा उन पीले पतंगों के रंग की थी जो रात में बरामदे की रोशनी में आकर नाच करते थे.
जॉन हेनरी का कहना था कि मेरे शरीर की खुशबू किसी धुले हुए मोज़े जैसी थी. "इसका मतलब युद्ध!" मैं चिल्लाता था. फिर हम पानी में छपाके मार-मारकर उसे एक सफेद तूफान में बदल देते थे और फिर पेट फटने तक हंसते रहते थे.
फिर हम अपनी पीठ के बल तैरते थे और व्हेल की तरह मुंह से पानी के फव्वारे फेंकते थे.
"मैं बड़ा होने पर एक फायरमैन बनूँगा," मैंने कहा.
"मैं भी," जॉन हेनरी ने भी वही कहा.

मेरे पास बर्फ के गोले खरीदने के लिए दो सिक्के थे. फिर हम अपने कपड़े पहनकर शहर की ओर जाते. जॉन हेनरी, मेसन जनरल स्टोर के सामने वाले दरवाजे से नहीं घुसता सकता था. उसे उसकी अनुमति नहीं थी.

"तुम्हारे क्या हाल-चाल हैं, जो?" मिस्टर मेसन मुझसे पूंछते थे.

फिर वो आँख मारते हुए मुझ से कहते थे, "क्या तुम यह सब अकेले खाओगे?"

मेरा दिल तेज़ी से धड़कने लगता है.

"इसमें से एक मेरे दोस्त के लिए है," मैंने कहा, और फिर मैं दरवाजे से बाहर दौड़ा.

"हाँ बिल्कुल ठीक, वहाँ बहुत गर्मी भी होगी!" मिस्टर मेसन ने मुझसे कहा.

"मुझे बर्फ का गोला बहुत पसंद है." जॉन हेनरी ने कहा.

"मुझे भी," मैंने कहा.

हर रात एनी मॅई मेरे परिवार के लिए खाना बनाती थी.
वो मक्के पर क्रीम लगाती थी और बिस्कुट बनाती थी.
एक दिन डैडी ने बर्फ की ठंडी चाय पीते हुए कहा, "कल से टाउन पूल सभी लोगों के लिए खुला होगा - चाहे वे किसी भी रंग के क्यों न हों."
"यही नया कानून है," माँ ने भी कहा. उन्होंने मटर का पुलाव मेरी थाली में डाला और कहा, "अब एक नया कानून बना है - अब सब लोग - चाहें वो गोरे हों, या काले, सब एक-साथ होंगे. दुकानें, शौचालय, पीने के पानी के नल सभी लोगों के लिए खुले होंगे."
यह सुनकर मैं अपनी कुर्सी पर लड़खड़ाया. "कृपा मुझे माफ़ करें," कहकर मैं चिल्लाता हुआ यह खबर जॉन हेनरी को बताने के लिए रसोई में भागा.

"कल मैं शहर के पूल में तैरने वाला हूँ."
"क्या वो गहरा है?"
"हाँ, वो सच में गहरा है," मैंने उससे कहा. "और वहां का पानी इतना साफ है, कि तुम नीचे कूदकर अपनी आँखें खोल सकते हो और फिर भी तुम्हें सबकुछ साफ़ दिखेगा."
"चलो, हम वहाँ तैरने वाले पहले लड़के होंगे," जॉन हेनरी ने कहा. "मैं अपना भाग्यशाली सिक्का साथ लाऊंगा, फिर हम उसे पानी में फेंक कर गोता लगाकर उसे खोजेंगे."

अगली सुबह, जैसे ही सूरज आकाश में से झांका, मेरा सबसे अच्छा दोस्त जॉन हेनरी वाडेल, दौड़ा-दौड़ा मुझसे मिलने के लिए आया.

"चलो चलते हैं!" वो चिल्लाया. "मुझे मेरा सिक्का मिल गया, और मैं उसे साथ लेकर स्विमिंग पूल तक दौड़ा हुआ जाऊँगा."

हमने पहाड़ी तक दौड़ लगाई.

फिर हम रुके.

वहां पर डम्पर ट्रक थे. वे तेज़ी से खाली स्विमिंग पूल तक
जा रहे थे. मज़दूर स्विमिंग पूल में कोलतार भर रहे थे.
जहाँ कभी साफ पानी था वहां अब काला कोलतार था.
उनमें एक मज़दूर जॉन हेनरी का बड़ा भाई,
विल रोजर्स था.
हमने उससे पूछा, "क्या हुआ?"
पर उसने देखते ही हमें वहां से वापस जाने का इशारा
किया - उसका मतलब था, "घर वापिस जाओ!"

लेकिन हमारे पैर कोलतार में फंस गए थे और हम वहां से हिल नहीं पाए.
इसलिए हम लंबे समय तक वहीं खड़े रहे और पूरी सुबह स्विमिंग पूल को गर्म कोलतार से भरते हुए देखते रहे.
कोलतार के ऊपर से धुएँ के रंग की भाप हवा में उठ रही थी.

श्रमिक अपने जूतों पर लकड़ी के तख्ते बांधकर कोलतार की सतह को समतल बनाने की कोशिश कर रहे थे.
काम ख़त्म होने के बाद विल रोजर्स ने एक खाली ट्रक में अपने फावड़े को रखा और अन्य श्रमिकों के साथ वो ट्रक में चढ़ गया. उसका चेहरा दुखी था. मुझे पता था कि उस काम से वो नाराज था. "चलो चलते हैं!" ट्रक का मालिक चिल्लाया, और फिर ट्रक सड़क पर फिसलता हुआ आगे बढ़ गया.

कुछ देर में सबकुछ बहुत शांत हो गया. अब हम घास में से गुजरने वाली हवा की आवाज़ सुन सकते थे. हम स्विमिंग पूल के डाइविंग बोर्ड पर बैठे और हमने कोलतार से चिपकी हुई चांदी के रंग की सीढ़ी को घूरा. मेरा दिल धड़कने लगा.

जॉन हेनरी ने कांपती आवाज में कहा, "सफेद लोग अपने स्विमिंग पूल में, काले लोगों को घुसने देना नहीं चाहते हैं."

"तुम गलत हो, जॉन हेनरी," मैंने कहा.

लेकिन मुझे पता था कि उसने बिल्कुल सही कहा था. "चलो, हम फिडलर्स क्रीक पर वापस चलते हैं," मैंने कहा. "मैं इस पुराने स्विमिंग पूल में वैसे भी तैरना नहीं चाहता था."

जॉन हेनरी की आँखें गुस्से से भर जाती हैं. "पर मैं इस स्विमिंग पूल में तैरना चाहता था. मैं वो सब कुछ करना चाहता हूं जो तुम करते हो." मुझे नहीं पता कि क्या कहना चाहिए था, लेकिन जैसे-जैसे हम शहर की ओर वापस चले, मेरे दिमाग में नए-नए विचार आए.

मैं जॉन हेनरी के साथ डेयरी-डिप में जाना चाहता हूं, और वहां बैठकर उसके साथ रूट बीयर पीना चाहता हूँ. मैं चाहता हूं कि हम दोनों साथ पिक्चर शो में जाएं, पॉपकॉर्न खरीदें और साथ बैठकर फिल्म देखें. मैं जॉन हेनरी की आंखों से इस शहर को देखना चाहता हूं.

हम मिस्टर मेसन के स्टोर के सामने रुकते हैं. मैं अपने हाथों को अपनी जेब में डालता हूं, जबकि मेरा दिमाग अपने नए विचारों के साथ शब्दों को खोजता है. मेरी उंगलियां दोनों सिक्कों के पास हैं.

"क्या तुम एक बर्फ का गोला खाना चाहते हो?"

जॉन हेनरी ने अपनी आँखें पोंछीं और एक लम्बी साँस ली.

"मैं बर्फ का गोला खुद निकालना चाहता हूं;"

मुझे हेनरी की बात ठीक भी लगती है.

"आओ, बर्फ का गोला खुद निकालते हैं," मैंने कहा.

मैं जॉन हेनरी को अपना एक सिक्का देता हूं.

वो अपना सिर हिलाकर मना करता है.

"मेरा पास अपना खुद का सिक्का है."

फिर हम एक-दूसरे को घूरते हैं.

उसके बाद हम दोनों एक-साथ दुकान के
सामने वाले दरवाजे से अंदर घुसते हैं.

समाप्त